प्रेस नोट थाना कलान

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक 01.07.2026

थाना कलान पुलिस टीम द्वारा चोरी की दो मोटरसाइकिलों व चोरी में प्रयुक्त लॉक तोड़ने के उपकरण सहित एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कलान के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियो की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी-जिलाबदर अपराधी, रोकथाम अवैध शराब-शस्त्र/अफीम, चरस बिक्री-निर्माण व चोरी के क्रम में थाना कलान पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 30.06.2026 को वादी श्री आसीन पुत्र कदीर निवासी ग्रा0 हेतमपुर थाना कलान जि0 शहजहाँपुर मय हमराह नजीर पुत्र कदीर व तसलीम पुत्र अजीम खा नि0 उपरोक्त ने उपस्थित थाना आकर एक किता तहरीर बावत अभियुक्त दीपेन्द्र S/O जबर सिंह निवासी ग्रा0 छेदा नगला थाना गंजडुडवारा जिला कासगंज द्वारा वादी के खेत के किनारे सड़क पर खडी मोटरसाइकिल एच एफ डीलक्स रजि0 संख्या UP27 AN4561 को चुरा कर ले जाते समय हमराहीयान उपरोक्त की मदद से अभियुक्त को पकड कर मय चोरी की गयी मोटर साइकिल एच एफ डीलक्स रजि0 नं0 UP27 AN4561 व दो अदद लोहे की चाबी नुमा व एक अदद लोहे का हेण्डिल लॉक खोलने के उपस्थित थाना आये। नियमानुसार अभियुक्त दीपेन्द्र उपरोक्त व उसके कब्जे से बरामद एच एफ डीलक्स रजि0 नं0 UP27AN4561 व दो अदद लोहे की चाबी नुमा व एक अदद लोहे का हेण्डिल लॉक को नियमानुसार कब्जा पुलिस लिया गया तथा वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 208/26 धारा 303(2)/ 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह के सुपुर्द की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि साहब एक मोटर साईकिल मैंने आज से लगभग 02 दिन पूर्व दिनांक 29.06.2026 बदायूं जिला से चुराई थी जिस गाड़ी को मैने आंधीदेई वाले रास्ते पर धर्मपुर में ईंट भट्टे के पास बन्द पडे मकान में रखी ईटों के पीछे छुपा रखा है यदि आप कहे तो वह मोटर साईकिल जो ईट भट्टे के पास खड़ा किया हूँ उसे बरामद करा सकता। अभियुक्त की निशादेही पर अभियुक्त द्वारा चोरी की गयी अन्य मोटरसाइकिल होन्डा युगा रजि0 नं0 UP24AP1715 को बरामद कराया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

- दीपेन्द्र पुत्र जबर सिंह, उम्र करीब 27 वर्ष,निवासी ग्राम छेदानगला थाना गंज डुंडवारा जनपद कासगंज।

पंजीकृत अभियोग –

- मु0अ0स0 208/26 धारा 303(2)/ 317(2) बीएनएस थाना कलान जनपद शाहजहांपुर।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थानः-

- दिनांक 01.07.26 को समय करीब 01.07 बजे, वहद ग्राम हेतमपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद मोटरसाईकिल (एच एफ डीलक्स) रजि0 नं0 UP27AN4561।
2. एक अदद मोटरसाईकिल (होन्डा ड्रीम युगा) रजि0 न0 UP24AP1715
3. दो अदद बनावटी लोहे की चाबी
4. एक अदद लोहे का हेंडिल लॉक तोडने वाला

गिरफ्तार करने वाली टीमः –

1. उ0नि0 श्री अजयपाल, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर
2. हे0का0 बलवीर
3. हे0का0 अजय मिश्रा
4. का0 प्रदीप